एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# तारा सुतारिया ने बताया, क्यों छोड़ दी शाहिद कपूर की कबीर सिंह

ऐक्ट्रेस तारा सुतारिया फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 से बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ टाइगर श्रॉफ और अनन्या पांडे नजर आएंगे। वैसे तारा को इस फिल्म के अलावा कबीर सिंह भी ऑफर की गई थी। यह फिल्म तेलुगू फिल्म अर्जुन रेड्डी का रीमेक है और इसमें शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में हैं।



बाद में यह फिल्म कियारा आडवाणी को मिल गई। तारा ने हमारे सहयोगी अखबार मुंबई मिरर को बताया कि जिस समय उन्हें कबीर सिंह का ऑफर आया था तब स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 की शूटिंग का काफी हिस्सा बाकी था और इसीलिए उन्होंने इस फिल्म को ठुकरा दिया। हालांकि तारा खुद को खुशनसीब मानती हैं कि उन्हें इसके बाद फिल्म मरजावां मिल गई।

वैसे बता दें कि यह पहली फिल्म नहीं है जो तारा ने ठुकराई है। इससे पहले वह फिल्म अलादीन की ट्रेनिंग को भी बीच में छोड़ दिया था और स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 की शूटिंग के लिए इंडिया वापस आ गई थीं। मरजावां के अलावा तारा फिल्म आरएक्स १०० के हिंदी रीमेक में भी काम कर रही हैं जिसमें उनके साथ अहान शेट्टी दिखाई देंगे।

# प्रियंका चोपड़ा अपने बच्चों को सुनाएंगी यह कहानी

ऐक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की लव स्टोरी और फिर उनकी शादी ने कई लोगों को सरप्राइज किया था। इनके



बीच तलाक तक होने की खबरें आईं लेकिन शादी को कई महीने बीत जाने के बाद भी निक और प्रियंका का रिश्ता मजबूती से आगे बढ़ रहा है। इनके इस प्यार भरे रिश्ते से प्रियंका कितनी खुश हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह अपनी लव स्टोरी बच्चों को भी सुनाना चाहती हैं।

दरअसल, प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर मेट गाला २०17 का फोटो शेयर किया है, जिसमें वह निक के साथ पोज देती दिखाई दे रही हैं। फोटो पर ऐक्ट्रेस ने लिखा है यह कहानी मैं अपने बच्चों को जरूर बताऊंगी कि मेरी तुम्हारे पापा से मुलाकात कैसे हुई।

मेट गाला का यह फोटो इसलिए बेहद खास है क्योंकि निक और प्रियंका की पहली मुलाकात इसी इवेंट में हुई थी, जिसके बाद धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी थीं। निक ने भी कहा था कि मेट गाला २०17 में प्रियंका को देखते हुए उन्हें स्पेशल फील हुआ था। उन्होंने इसी के बाद प्रियंका से मिलने की कोशिश की थी।

वैसे बता दें कि इस बार यह स्टार कपल मेट गाला २०19 में मेहमान बनकर नहीं बल्कि होस्ट बनकर शरीक होगा। प्रियंका और निक को मेट गाला होस्ट कमिटी का हिस्सा बनाया गया है, जिससे कई दिग्गज सितारे जुड़े हुए हैं।

# सान्या मल्होत्रा के साथ फिल्म बनाएंगी गुनीत मोंगा

ऑस्कर विजेता शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री पीरियड. एंड ऑफ सेंटेंस की निर्माता गुनीत मोंगा एक हिंदी फिल्म बनाएंगी जिसमें अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा अभिनय करेंगी। द अमेरिकन सेंटर में नेटफ्लिक्स द्वारा पीरियड. एंड ऑफ सेंटेंस की स्पेशल स्क्रीनिंग के इतर मोंगा ने कहा, हम एक हिंदी फिल्म कर रहे हैं जिसमें सान्या मल्होत्रा हैं। यह फिल्म एक छोटे शहर की एक युवा लड़की की आज की कहानी है।

सान्या को दंगल, पटाखा, बधाई हो और फोटोग्राफ के लिए जाना जाता है। मोंगा जहां सान्या के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं, वह क्षेत्रीय सिनेमा में भी प्रवेश करने की योजना बना रही हैं। इसके लिए वे तमिल फिल्म सूराराई पोत्रू का निर्माण कर रही हैं जिसमें सुपर स्टार सूरिया हैं। इसका निर्देशन सुधा कोंगारा कर रही हैं। सिख्या एंटरटेनमेंट की अगुआ मोंगा अपनी परियोजना के बारे में बताते समय बच्चों जैसी उत्साहित थीं।

मोंगा ने कहा, सूरिया, राजशेखर कर्पूर सुंदर पांडियान और सुधा के साथ काम करना बहुत अविश्वसनीय है। एक और महिला निर्देशक (पीरियड.. की निर्देशक रायका जेहताब्जी के बाद) के साथ काम करना बहुत अच्छा अनुभव है। यह बहुत अलग अनुभव है, क्योंकि मुझे वह भाषा समझ नहीं आती, लेकिन सभी लोग वास्तव में खुश हैं। मोंगा ने कहा, सेट पर जाने में अच्छा लगता है। हम सब अंग्रेजी में बात करते हैं। लेकिन संवाद समझ में नहीं आते हैं। लेकिन हम सब सिनेमा की भाषा समझते हैं। हमने एक सप्ताह शूटिंग की और अब नियमित ब्रेक है और हम दोबारा दो सप्ताह के बाद शूटिंग शुरू कर देंगे और तब तीन महीने तक शूटिंग करेंगे। उन्होंने कहा, नेटफ्लिक्स दुनिया बदल रहा है। पीरियड.. को अपने प्लेटफॉर्म पर लाकर उन्होंने हमें १९० देशों में पहुंचा दिया है। अब यह मुद्दा व्यापक हो गया है इससे हम कई तरीकों से सशक्त हो गए हैं। भारत में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन को सुधारने के लिए यहां पीरियड.. की विशेष स्क्रीनिंग किए जाने के बाद विशेषज्ञों ने चर्चा की थी।





# मोटी रकम को न कहने के बाद बनी मेरी ब्रैंड वैल्यू: शिल्पा शेट्टी

बॉलिवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी भले इन दिनों फिल्मों में नजर न आ रही हों, लेकिन शिल्पा की ब्रैंड वैल्यू कभी कम नहीं हुई है। शिल्पा की मानें तो अपनी ब्रैंड वैल्यू को समय के साथ टॉप पर रखना आसान काम नही है। ब्रैंड वैल्यू को बढ़ाने की बहुत कीमत चुकानी पड़ती है। मुंबई में आयोजित एक इवेंट में पहुंची शिल्पा ने प्रॉडक्ट इंडॉर्समेंट और ब्रैंड वैल्यू पर बात की। शिल्पा बताती हैं, मैं अपनी जिंदगी इस तरह से जीने की कोशिश करती हूं, जिससे जागरूकता फैले और जानकारी लोगों तक पहुंचे, जिससे लोग एक हेल्दी लाइफ जिएं। फिर चाहे वह योग हो या कोई प्रॉडक्ट, जिसे मैं इंडॉर्स करती हूं, जब भी मैं किसी प्रॉडक्ट से अपना नाम जोड़ती हूं, तो बहुत ज्यादा ध्यान रखती हूं और उस प्रॉडक्ट को खुद भी अपने परिवार के लिए इस्तेमाल करके देखती हूं।

शिल्पा आगे बताती हैं, आपकी ब्रैंड वैल्यू तब बढ़ती है, जब आप ज्यादातर चीजों के लिए न बोलते हैं। मैं यही कहूंगी कि आपके पास न बोलने का साहस होना चाहिए, फिर चाहे किसी भी ब्रैंड के लिए कितना भी पैसा मिल रहा हो। मैंने अपनी इस ब्रैंड वैल्यू को बनाए रखने के लिए बहुत सारे पैसे और प्रॉडक्ट को इंडॉर्स करने से इनकार किया है और जिन चीजों पर विश्वास करती हूं, उन चीजों को कम पैसे लेकर भी इंडॉर्स किया है।